Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जोधपुर में वन विभाग के मामले में प्राईवेट व्यक्ति (दलाल) 50 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *12 सितम्बर, सोमवार* / ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर जोधपुर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये शिवदान चारण निवासी रावटी रोड़ सूरसागर जोधपुर को परिवादी से **50 हजार रूपये** की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की जोधपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि मेरे खरीदशुदा प्लॉट पर निर्मित कमरे को हरिराम बिश्नोई रेंजर वन विभाग ने गिरवा दिया था। जिसके संबंध में मैने हरिराम रेंजर से सम्पर्क किया तो उसने प्राईवेट व्यक्ति शिवदान चारण से मिलने के लिए कहा जिस पर मैं शिवदान चारण से मिला तो अब उसके द्वारा **50 हजार रूपये** रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी, जोधपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री सवाईसिंह गोदारा** तथा एसीबी जोधपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दुर्गसिंह राजपुरोहित के सुपरविजन में एसीबी जोधपुर इकाई के **पुलिस निरीक्षक श्री मनीष वैष्णव** मय टीम द्वारा शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज ट्रेप कार्यवाही करते हुए प्राईवेट व्यक्ति शिवदान पुत्र केशुदान चारण निवासी रावटी रोड सूरसागर जोधपुर को परिवादी से **50 हजार रुपये** रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। प्रकरण में संदिग्ध आरोपी वन विभाग रेंजर हरिराम बिश्नोई की भूमिका के संबंध में जांच जारी है।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।